आईएनएस गोमती

हाल ही में भारतीय नौसेना के जहाज़ (INS) गोमती को मुंबई में नौसेना डॉकयार्ड से सेवामुक्त कर दिया गया है।

INS गोमती प्रमुख विशेषताएँ:

- **परिचय:**
  - INS गोमती का नाम जीवंत नदी गोमती से लिया गया है।
    - गोमती नदी, जिसे गुमटी भी कहा जाता है **गंगा नदी** की सहायक नदी है।
  - जब सेवामुक्त किया गया तो INS गोमती पश्चिमी बेड़े में निर्देशित मिसाइल युद्धपोतों में सबसे पुराना था।
  - इसे वर्ष 1988 में मझगाँव डॉक लिमिटेड, बॉम्बे में कमीशन किया गया था।
- **कार्य:**
  - ऑपरेशन कैक्टस, पराक्रम और इंद्रधनुष तथा कई द्विपक्षीय एवं बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास।
    - **1988:** ऑपरेशन कैक्टस के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने मालदीव में सरकार के तख्तापलट के प्रयास को निष्प्रभावी करने में मदद की।
    - **2001:** संसद पर आतंकवादी हमले के मद्देनज़र शुरू किया गया ऑपरेशन पराक्रम, 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद पहला पूर्ण पैमाने पर सैन्य कार्यवाई थी।
    - **2004:** श्रीलंकाई सरकार के साथ साझेदारी में सुनामी से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए इंद्रधनुष पहल शुरू की गई थी।
- **पुरस्कार दिये गए:**
  - दो बार प्रतिष्ठित यूनिट प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया, एक बार 2007-08 में और फिर 2019-20 में।

स्रोत : पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ins-gomati